समय : 3 घंटे | नमूना कृतिपत्रिका - 2 (2022-23) | कुल अंक : 80

## Answers Paper-1

**प्र. 1. (अ) निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए :** 8

**1. i) संजाल पूर्ण कीजिए।** 1

खूबसूरत जगह — बेनालियम की विशेषता — शांत जगह

**ii) वाक्य पूर्ण कीजिए।** 1

लेखक ने बच्चों से यह सीखा .........

**उत्तर :** लेखक ने बच्चों से यह सीखा कि जीवन में आशावाद हो तो कोई काम असंभव नहीं है।

**2. कारण लिखिए।** 2

i) लेखक को शाम को बीच पर जाना अच्छा लगा क्योंकि -

**उत्तर :** क्योंकि दिनभर की थकान एवं उमस भरी गरमी के कारण लेखक परेशान हो गया था।

ii) रेत पर तेजी से दौड़ना मुश्किल हो रहा था क्योंकि

**उत्तर :** पैर रेती में धँस जा रहे थे।

**3. अ) निम्नलिखित तत्सम शब्दों के तद्भव रूप लिखिए :** 1

i) सत्य - सच ii) दिन - दिवस

**आ) वचन बदलिए :** 1

i) सड़क - सड़कें ii) बच्चा - बच्चे

**4. 'जीवन में आशावाद हो तो सभी काम संभव हो जाते हैं।' इस कथन पर अपने विचार लिखिए :** 2

**उत्तर :** 'आशा' मानव को मिला एक आशीर्वाद ही है। आशा के सहारे मानव जीवित रहता है। आज नहीं तो कल अच्छा ही होगा यव विश्वास उसके मन मे होता है। इसी आशा के सहारे मनुष्य ने अपने जीवन मे प्रगती कर ली है। वह चॉंद पर जाकर आया है। आशा मनुष्य के जीवन में इच्छा एवं जिज्ञासा का निर्माण करती रही है। मनुष्य अपने जीवन में कई बार निराश हो जाता है; असफल होता है, फिर भी कोशिश करने की शक्ति आशा ही प्रदान करती है। इसतरह वह अपना लक्ष्य हासील कर लेता है।

**प्र. 1. (आ) निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए :** 8

**1. संजाल पूर्ण कीजिए :**

**उत्तर :**

दान से कार्य बनते हैं
- प्राथमिक शाला से लेकर महाविद्यालय चलते हैं।
- बालक योग्यता प्राप्त कर लेता है।

**2. i) उत्तर लिखिए।** 1

i) व्यापारी और उद्योगपतियों के लिए अर्थशास्त्र द्वारा बनाए गए नियम -

**उत्तर :** i) खरीद सस्ती-से-सस्ती हो और बिक्री महँगी-से-महँगी।

ii) मुनाफे की कोई मर्यादा नहीं ।

**ii) संजाल पूर्ण कीजिए :** **1**

व्यापार की कला इनसे प्राप्त होती है
- विद्यालय
- साथियों व समाज से

**3. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द गद्यांश मे ढूँढकर लिखिए।** **2**

अ) महँगी x सस्ती      आ) विक्री x खरीद

इ) देश x विदेश      ई) सही x गलत

**4. 'समाज के उन्नती के लिए शिक्षा आवश्यक है।' इस पर अपने विचार लिखिए :** 2

**उत्तर :** शिक्षा किसी समाज में सदैव चलने वाली सामाजिक प्रक्रिया है जिसके द्वारा मनुष्य की जन्मजात शक्तियों का विकास होता है। उसके ज्ञान एवं कला-कौशल में वृद्धि तथा व्यवहार में परिवर्तन किया जाता है और इस प्रकार उसे सभ्य, सुसंस्कृत एवं योग्य नागरिक बनाया जाता है। इसके द्वारा व्यक्ति एवं समाज दोनों निरन्तर विकास करते है।

**प्र. 1. (इ) निम्नलिखित अपठित गद्यांश पढ़कर सूचनाओं के अनुसार कृतियॉं कीजिए :** 4

**1. संजाल पूर्ण कीजिए :**

भूकंपीय पट्टी में आने वाले प्रदेश
- जम्मू-काश्मीर
- पंजाब
- बिहार
- उत्तर प्रदेश

हिमाचल प्रदेश      अंदमान द्वीपसमूह

गुजरात (कच्छ का रन)

नेपाल सीमा क्षेत्र

Genius
JEE | NEET | CET | FOUNDATION Institute

**2. 'भूकंप से होने वाली हानियॉं' पर अपने विचार 25 से 30 शब्दों में लिखिए -**

**उत्तर :** i) भूकंप के कारण जन धन की बहुत हानि होती है।

ii) भूकंप के कारण संपत्ति का नुकसान होता है।

iii) भूकंप के कारण बहुत सारे मासूम लोगों की जान चली जाती है।

iv) जब समुद्री भाग में भूकंप आता है तो बड़ी बड़ी लहरें उठती है जिससे जलयानों को भारी नुकसान पहुँचता है।

## विभाग 2 : पदय

**प्र. 2. (अ) निम्नलिखित पठित पदयांश पढ़कर सूचनाओं के अनुसार कृतियॉं कीजिए :** 6

**1. i) संजाल पूर्ण कीजिए :** **1**

**उत्तर :** कृषक इन स्थितियों में अविचल रहता है
- धूप में
- छाया में

**ii) संजाल पूर्ण कीजिए :** **1**

पद्यांश में प्रयुक्त ऋतुओं के नाम
- वसंत ऋतु
- पतझड़

**2. निम्नलिखित विधान सत्य है या असत्य लिखिए :** 2

i) कवि किसान का उत्थान करना चाहत है।

**उत्तर :** सत्य

ii) कवि किसान की दीनता पर व्यंग करता है।

**उत्तर :** असत्य

**3. निम्नलिखित पद्यांश का भावार्थ लिखिए :**

**उत्तर :** कवि कहते हैं कि किसान विश्व का पालक एवं अन्नदाता है। लेकिन आज वह मूलभूत सुविधाओं से वंचित हाथों में संतोष की तलवार लिए हुए अपने जीवन में तेज गति से आगे बढ़ता चला जा रहा है। कठिन परिस्थियों में भी वह संतुष्ट रहने का प्रयत्न करता है। वसंत ऋतु मे जब लोगों के जीवन में संपन्नता होती है, तब किसान अपना जीवन पतझड़ की छाया में अपना जीवन व्यतीत करता है।परंतु उसकी दीनता बी अभिमान के समान है। इसलिए कवि किसान का सम्मान करने हेतु गीत गाना चाहता है।

**प्र. 2. (आ) निम्नलिखित पठित पद्यांश पढ़कर सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए :** **6**

**1. i) संजाल पूर्ण कीजिए :** **1**

पद्यांश में आए प्राकृतिक जलस्त्रोत
- वर्षा
- नदी

**ii) ऐसा प्रश्न तैयार कीजिए कि जिनका उत्तर निम्नलिखित शब्द हो :** **1**

नदियों

**उत्तर :** किन्होंने अपने किनारों को तोड़ दिया है?

**2. उचित जोड़ियाँ मिलाइए :** **2**

**उत्तर :** i) दमकती बिजली - दुष्ट की प्रीति

ii) बादलों की गर्जना - श्री राम का डरना

iii) चोट सहना - दुष्टों के वचन

iv) भूमि पर गिरा पानी - माया से लिपट जीव

Genius
JEE | NEET | CET | FOUNDATION Institute

**3. निम्नलिखित पद्यांश का भावार्थ लिखिए :** **2**

**उत्तर :** वर्षा ऋतु के समय राम लक्ष्मण से कहते हैं, हे अनुज, धरती पर गिरा बरसात का पानी इकट्ठा होकर तालाबों में ऐसे भर जाता है जैसे सद्गुण आहिस्ता-आहिस्ता सज्जन व्यक्ति के पास चले जाते हैं। नदी का जल सागर में जाकर वैसे ही स्थिर हो जाता है; जैसे ईश्वर को पाकर अचल व स्थिर हो जाता है।

## विभाग 3 : पूरक पठन

**प्र. 3. (अ) निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए :** **4**

**1. प्रवाह तालिका पूर्ण कीजिए :**

**उत्तर :**

गली की विशेषताएँ
- सँकरी व तंग गली
- मकानों की एक बहुत भीड़ से भरी हुई गली
- बीजली या टेलीफोन के तारों से उलझे हुई गली
- हरियाली के अभाव से जूझती हुई गली

**2. पक्षियों की घटती संख्या' इस पर अपने विचार स्पष्ट कीजिए :**

**उत्तर :** विकास के नाम पर मनुष्य वृक्ष तोडकर सिमेंट की जंगल बनाता जा रहा है। बड़ी इमारते और घरों के कारण जंगल नष्ट हो रहा है। इसके कारण पक्षियों को घोंसले बनाने के लिए पर्याप्त जगा नही है। उनकी प्रजाती इस बकाल के कारण नष्ट हो रही हैं। हरियाली के अभाव के कारण उनको पोषक वातावरण नहीं मिल रहा है। इसके कारण पक्षियों की संख्या घटती जा रही है।

**(आ) निम्नलिखित पठित पद्यांश पढ़कर सूचनाओं के अनुसार कृतियॉ कीजिए : 4**

**1. सही या गलत पहचानकर गलत वाक्य को सही करके फिर से लिखिए :**

i) झगड़ने से सब कुछ प्राप्त होता है।

**उत्तर :** गलत, झगड़ने से बातें और उलझ जाती है।

ii) स्त्री व पुरूष भारत माता के रथ के दो पहिए हैं।

**उत्तर :** सही।

**2. 'स्त्री व पुरूष समाज के प्रमुख अंग है' इस पर आपके विचार लिखिए :**

**उत्तर :** स्त्री पुरूष दोनों ही असाधारण मानसिक एवं शारीरिक शक्ति के स्वामी हैं। दोनों इस सृष्टि के निर्माण एवं विकास में अहम भूमिका निभाते हैं।हमारी भारतीय संस्कृति में स्त्री को आदि शक्ति का रूप मानकर उसे देवी का स्थान दिया है और पूजनीय माना गया है। त्याग, क्षमा, दया, प्रेम, सेवा इत्यादी ऐसे गुण हैं, जिनके समावेश से एक साधारण व्यक्ति भी महान बन जाता है। आधुनिक युग में नारी भी पुरूषों की तरह आत्मनिर्भर होना चाहती है। स्त्री के विचारों में पिछले कुछ समय में काफी परिवर्तन आया है। आज वह पुरूष के साथ कदम से कदम मिलाते हुए हर क्षेत्र में अग्रणी भुमिका निभा रही है।

Genius JEE NEET CET FOUNDATION Institute

## विभाग 4 : भाषा अध्ययन (व्याकरण)

**प्र. 4. सूचनाओं के अनुसार कृतियॉ कीजिए :**

**1. अधोरेखांकित शब्द का शब्द भेद पहचानकर लिखिए : 1**

मैं अपने <u>आप</u> पुस्तक पढ़ लूँगा।

**उत्तर :** आप - निजवाचक सर्वनाम

**2. निम्नलिखित अव्ययों में से किसी एक अव्यय का अपने वाक्य में प्रयोग लिखिए : 1**

i) धीरे-धीरे

**उत्तर :** बस <u>धीरे -धीरे</u> चलते ही हम नदी के पास आ पहुँचे।

ii) सामने

**उत्तर :** हमारे घर के <u>सामने</u> एक बरगद का पेड़ है।

**3. कृति पूर्ण कीजिए : (कोई एक) 1**

| संधि शब्द | संधि-विच्छेद | संधि-भेद |
|---|---|---|
| नरेंद्र | नर + इन्द्र | गुण संधि |

**अथवा**

| संधि शब्द | संधि-विच्छेद | संधि-भेद |
|---|---|---|
| अत्यंत | अति + अंत | गुण संधि |

**4. निम्नलिखित वाक्यों में से किसी एक सहायक किया को पहचानकर उसका मूल रूप लिखिए : 1**

i) बच्चा भूक से मर गया।

ii) राजेश ने नदी का किनारा छोड़ दिया।

| सहायक क्रिया | मूल रूप |
|---|---|
| I) मर | मरना |
| ii) छोड़ | छोड़ना |

**5. निम्नलिखित में से किसी एक क्रिया का 'प्रथम' तथा 'दवितीय' प्रेरणार्थक रूप लिखिए :** **1**

| क्रिया | प्रथम प्रेरणार्थक रूप | दवितीय प्रेरणार्थक रूप |
|---|---|---|
| i) पढ़ना | पढ़ना | पढ़वना |
| ii) बैठना | बिठाना | बिठवाना |

**6. निम्नलिखित मुहावरों में से किसी एक मुहावरे का अर्थ लिखकर अपने वाक्य में प्रयोग कीजिए :** **1**

i) बातों में आ जाना - बात पर भरोसा कर लेना।

वाक्य : भोले लोग हमेशा आसानी से दुसरों की <u>बातों में आ जाते है</u>।

ii) तोलकर बोलना - सोच समझकर बोलना।

वाक्य : चालाक व्यक्ति हमेशा <u>तोलकर बोलता है</u>।

**अथवा**

**अधोरेखंकित वाक्यांश के लिए उचित महावरे का चयन कर वाक्य फिर से लिखिए :**

(आश्र्चय चकीत होना, पैर पकड़ना)

**उत्तर :** समीर ने अपनी गलती पर पिताजी के <u>पैर पकड़ लिए</u>।

Genius
JEE | NEET | CET | FOUNDATION Institute

**7. निम्नलिखित वाक्य पढ़कर प्रयुक्त कारकों में से कोई एक कारक पहचानकर उसका भेद लिखिए :** **1**

i) वह शनिवार को मुंबई गया।

**उत्तर :** शनिवार को - कर्म कारक

ii) राम ने तीर से रावण को मारा।

**उत्तर :** तीर से - कारण कारक

**8. निम्नलिखित वाक्य में उचित विराम चिह्नों का प्रयोग करके वाक्य फिर से लिखिए :** **1**

**उत्तर :** बेटे तरूण हो-होकर चल बसे थे।

**9. निम्नलिखित वाक्य में से किन्हीं दो वाक्यों का सूचना के अनुसार काल-परिवर्तन कीजिए :** **2**

i) सादगी का आग्रह हुआ। (सामान्य भविष्यकाल)

**उत्तर :** सादगी का आग्रह होगा।

ii) मैं खाना खा रहा हूँ। (अपूर्ण भूतकाल)

**उत्तर :** मैं खाना खा रहा था।

iii) रहमान लक्ष्मी को मारता है। (पूर्ण वर्तमानकाल)

**उत्तर :** रहमान ने लक्ष्मी को मारा है।

**10. i) निम्नलिखित वाक्य का रचना के आधार पर वाक्य का प्रकार लिखिए :** **1**

मुझे बुखार था, इसलिए मैं विद्यालय नहीं आ सका।

**उत्तर :** संयुक्त वाक्य

**ii) निम्नलिखित वाक्यों मे से किसी एक वाक्य का अर्थ के आधार पर दी गई सूचना के अनुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए : 1**

i) प्रात:काल पक्षी चहचहाते है। (संयुक्त वाक्य)

**उत्तर :** प्रात:काल हुआ और पक्षी चहचहाने लगे।

ii) अमीर लंदन चला गया। (प्रश्नार्थक वाक्य)

**उत्तर :** क्या अमीर लंदन चला गया?

**1. निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध करके वाक्य फिर से लिखिए : 2**

i) वह बहुत सुसत है।

**उत्तर :** वह बहुत सुस्त है।

ii) मुझे अपने देष से प्यार है।

**उत्तर :** मुझे अपने देश से प्यार है।

iii) मिश्राजी की कमरा शायद बगल में है।

**उत्तर :** मिश्राजी का कमरा शायद बगल में है।

Genius
JEE | NEET | CET | FOUNDATION Institute